Ref. No. UOU/R/वि०प०/25/2022
Date 27/12/2022

**सेवा में,**

1. प्रोफेसर डी0पी0 त्रिपाठी, प्रोफेसर-वास्तुशास्त्र, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, बी-4 कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली-110016
2. प्रोफेसर डी0एस0 रावत, रसायन विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।
3. प्रोफेसर एल0के0 सिंह, प्रबन्ध अध्ययन विभाग, कुमाऊँ विश्वविद्यालय परिसर, भीमताल।
4. प्रोफेसर नीलेश मोदी, निदेशक, कम्प्यूटर विज्ञान विद्याशाखा/सीका, डॉ0 बाबासाहेब अम्बेडकर मुक्त विश्वविद्यालय,अहमदाबाद, गुजरात।
5. प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा, राजनीति विज्ञान विभाग, डी0एस0बी0 कैम्पस, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
6. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष द्वारा नामित एक व्यक्ति जो संयुक्त सचिव से निम्न पंक्ति का न हो।
7. प्रोफेसर आर0सी0 मिश्र, निदेशक, प्रबन्ध अध्ययन एवं वाणिज्य विद्या शाखा, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
8. प्रोफेसर दुर्गेश पंत, निदेशक, कम्प्यूटर साइंस एवं सूचना प्रोद्यौगिकी विद्या शाखा, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
9. प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डे, निदेशक, समाज विज्ञान विद्या शाखा,उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
10. प्रोफेसर पी0डी0 पंत, निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
11. प्रोफेसर अखिलेश कुमार नवीन, निदेशक, विधि विद्याशाखा, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
12. प्रोफेसर रेनू प्रकाश, निदेशक, मानविकी विद्याशाखा, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
13. डॉ0 जीतेन्द्र पाण्डेय, सह-प्राध्यापक, कम्प्यूटर विज्ञान, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
14. डॉ0 एम0एम0 जोशी, सह-प्राध्यापक, इतिहास, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
15. डॉ0 सुचित्रा अवस्थी, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
16. डॉ0 भानु प्रकाश जोशी, सहायक प्राध्यापक, योग, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
17. श्रीमती आभा गर्खाल, वित्त नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी (आमंत्रित सदस्य)।
18. प्रोफेसर सोमेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी (आमंत्रित सदस्य)।
19. श्री विमल कुमार मिश्रा, उपकुलसचिव, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी (आमंत्रित सदस्य)।
20. श्री जगमोहन सिंह मेहरा, सहायक कुलसचिव (अधिष्ठान), उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी (आमंत्रित सदस्य)।

**महोदय/महोदया,**

दिनांक **27 दिसम्बर, 2022 (मंगलवार)** को सम्पन्न उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की **विद्या परिषद की 25वीं बैठक** का कार्यवृत्त संलग्न कर प्रेषित है। कार्यवृत्त में यदि कोई संशोधन हो तो, कृपया अवगत कराने का कष्ट करें, ताकि कार्यवृत्त की पुष्टि के समय प्रस्तावित संशोधन को संज्ञान में लेते हुए यथा आवश्यक परिवर्तन किया जा सके।

सादर,

27/12/22
भवदीय,

**कुलसचिव/ सदस्य सचिव, विद्या परिषद**

**प्रतिलिपि:-** कुलपति जी के निजी सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

दिनांक 27 दिसम्बर, 2022 (मंगलवार) को माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में मध्यान्ह 12.00 बजे विश्वविद्यालय सभागार में सम्पन्न विद्या परिषद की 25वीं बैठक का कार्यवृत्त।

**बैठक में निम्न ने प्रतिभाग किया :**

1. प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह नेगी, — अध्यक्ष
   कुलपति,
   उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,
   हल्द्वानी।

2. प्रोफेसर डी0पी0 त्रिपाठी, — सदस्य
   प्रोफेसर-वास्तुशास्त्र, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
   बी-4 कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली।

3. प्रोफेसर नीलेश मोदी, — सदस्य
   निदेशक, कम्प्यूटर विज्ञान विद्याशाखा/सीका,
   डॉ0 बाबासाहेब अम्बेडकर मुक्त विश्वविद्यालय, अहमदाबाद, गुजरात।
   (ऑन-लाइन माध्यम से प्रतिभाग किया गया)

4. प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा, — सदस्य
   राजनीति विज्ञान विभाग, डी0एस0बी0 कैम्पस,
   कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

5. प्रोफेसर एल0के0 सिंह, — सदस्य
   प्रबन्ध अध्ययन विभाग,
   कुमाऊँ विश्वविद्यालय परिसर, भीमताल।

6. प्रोफेसर आर0सी0 मिश्र, — सदस्य
   निदेशक, प्रबन्ध अध्ययन एवं वाणिज्य, विद्याशाखा,
   उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

7. प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डे, — सदस्य
   निदेशक, समाज विज्ञान विद्याशाखा,
   उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

8. प्रोफेसर पी0डी0 पंत, — सदस्य
   निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा,
   उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।



कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

| | | |
|---|---|---|
| 9. | प्रोफेसर अखिलेश कुमार नवीन,<br>निदेशक, विधि विद्याशाखा,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | सदस्य |
| 10. | प्रोफेसर रेनू प्रकाश,<br>निदेशक, मानविकी विद्याशाखा,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | सदस्य |
| 11. | डॉ जीतेन्द्र पाण्डेय,<br>सह- प्राध्यापक, कम्प्यूटर विज्ञान,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | सदस्य |
| 12. | डॉ0 एम0एम0 जोशी,<br>सह- प्राध्यापक, इतिहास,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | सदस्य |
| 13. | डॉ0 भानु प्रकाश जोशी,<br>सहायक प्राध्यापक, योग,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | सदस्य |
| 14. | डॉ0 सुचित्रा अवस्थी,<br>सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | सदस्य |
| 15. | डॉ0 रश्मि पंत,<br>कुलसचिव,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | सदस्य सचिव |
| 16. | श्रीमती आभा गर्खाल,<br>वित्त नियंत्रक, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी | आमंत्रित सदस्य |
| 17. | प्रोफेसर सोमेश कुमार,<br>परीक्षा नियंत्रक,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी | आमंत्रित सदस्य |
| 18. | श्री विमल कुमार मिश्रा,<br>उपकुलसचिव, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी | आमंत्रित सदस्य |



कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

19. श्री जगमोहन सिंह मेहरा, सहायक कुलसचिव (अधिष्ठान), उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। — आमंत्रित सदस्य

विद्या परिषद की बैठक आरम्भ होने से पूर्व सर्वप्रथम सदस्य सचिव, विद्या परिषद द्वारा कुलपति/अध्यक्ष, विद्या परिषद तथा बैठक में उपस्थित समस्त बाह्य/आन्तरिक/आमंत्रित सदस्यों का विश्वविद्यालय विद्या परिषद की 25वीं बैठक में स्वागत किया गया।

तदुपरान्त माननीय कुलपतिजी द्वारा बैठक में उपस्थित बाह्य सदस्यों- प्रोफेसर डी0पी0 त्रिपाठी, प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा, प्रोफेसर एल0के0 सिंह तथा ऑन-लाइन माध्यम से बैठक में उपस्थित प्रोफेसर नीलेश मोदी का स्वागत करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गयी कि उनके द्वारा अपना बहुमूल्य समय निकालकर बैठक में प्रतिभाग किया गया इसके लिए कुलपति जी द्वारा उनका विशेष आभार व्यक्त करते हुए समस्त सदस्यों/आमंत्रित सदस्यों का विद्या परिषद की 25वीं बैठक में स्वागत किया गया।

समस्त सदस्यों/आमंत्रित सदस्यों के स्वागतोपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रस्तुत कार्यसूची में सम्मिलित प्रत्येक प्रस्ताव को सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। विद्या परिषद द्वारा प्रत्येक प्रस्ताव का अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से प्रस्तावों पर निम्नानुसार अनुमोदन प्रदान किया गया:-

**प्रस्ताव संख्या 25.01- विद्या परिषद की 24वीं बैठक दिनांक 26.08.2022 के कार्यवृत्त की पुष्टि एवं अनुमोदन।**

सदस्य सचिव द्वारा परिषद को अवगत कराया गया कि विद्या परिषद की **24वीं बैठक दिनांक 26.08.2022** का कार्यवृत्त विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–यू0ओ0यू0/R/वि0परि0/24/2022, दिनांक 03.09.2022 द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों के मध्य इस अनुरोध के साथ परिचालित किया गया था कि कार्यवृत्त में यदि कोई संशोधन प्रस्तावित हो तो अवगत कराने का कष्ट करें, ताकि कार्यवृत्त की पुष्टि के समय प्रस्तावित संशोधन को संज्ञान में लेते हुए यथा आवश्यक परिवर्तन किया जा सके। तदनुसार परिचालित कार्यवृत्त पर माननीय सदस्यों से कोई असहमति/संशोधन प्राप्त नहीं हुआ है।

**निर्णय:-** विद्या परिषद द्वारा उक्तानुसार प्रस्ताव से अवगत होते हुए सर्वसम्मति से 24वीं बैठक दिनांक 26.08.2022 के कार्यवृत्त की पुष्टि को अनुमोदित किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 25.02- विद्या परिषद की 24वीं बैठक दिनांक 26.08.2022 के निर्णयों पर कृत कार्यवाही।**

विद्या परिषद की 24वीं बैठक दिनांक 26.08.2022 के निर्णयों पर कृत कार्यवाही से सदस्य सचिव द्वारा प्रत्येक प्रस्ताव पर विद्या परिषद को विस्तार से अवगत कराया गया।

**निर्णय:-** विद्या परिषद द्वारा उक्तानुसार अवगत होते हुए सर्वसम्मति से 24वीं बैठक दिनांक 26.08.2022 की कृत कार्यवाही पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।



कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

**प्रस्ताव संख्या 25.03- विश्वविद्यालय में सप्तम दीक्षान्त समारोह आयोजित किये जाने एवं विश्वविद्यालय पनिनियमावली में वर्णित व्यवस्थानुसार दीक्षान्त समारोह में मानद उपाधि प्रदान किये जाने के संबंध में विचार।**

प्रस्तुत प्रस्ताव पर सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय परिनियमावली के अध्याय-10 में विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष एक बार दीक्षान्त समारोह आयोजित किये जाने की व्यवस्था वर्णित है। इस परिनियम के अन्तर्गत विनिर्मित अध्यादेश के अध्याय ग्यारह में भी दीक्षान्त समारोह आयोजित किये जाने से संबंधित विस्तृत उल्लेख है।

परिनियमावली की उक्त व्यवस्थानुसार विश्वविद्यालय का सप्तम दीक्षान्त समारोह **दिनांक 11 जनवरी, 2023 (बुधवार)** को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। नियत तिथि के संबंध में माननीय श्री राज्यपाल/कुलाधिपति महोदय द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है।

दीक्षान्त समारोह में शैक्षणिक सत्र 2021-22 (दिसम्बर एवं जून) में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों एवं शोध उपाधि धारकों को उपाधियॉ प्रदान की जानी है। स्नातक एवं स्नातकोत्तर में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा ऐसे शोधार्थी जिनकी मौखिक परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है, को शोध उपाधि प्रदान की जायेगी।

उक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय परिनियमावली के अध्याय-आठ '**मानद उपाधि प्रदान करना**' (धारा 5(चार)) परिनियम 36(4) में वर्णित व्यवस्थानुसार उत्तराखण्ड राज्य के विशिष्ट व्यक्तियों को समाज में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विश्वविद्यालय के सप्तम दीक्षान्त समारोह में **मानद उपाधि (Honoris Causa)** प्रदान की जानी प्रस्तावित है। उत्तराखण्ड राज्य के विशिष्ट व्यक्यिों को **'मानद उपाधि'** प्रदान किये जाने हेतु प्रस्तावित नामों की सूची विद्या परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय:-** विद्या परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के सप्तम दीक्षान्त समारोह में **मानद उपाधि (Honoris Causa)** प्रदान किये जाने हेतु प्रस्तुत किये गये उत्तराखण्ड राज्य के विशिष्ट व्यक्यिों के संक्षिप्त जीवन परिचय का अवलोकन करते हुए सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निम्नलिखित 03 व्यक्तियों को मानद उपाधि प्रदान किये जाने की संस्तुति की गयी:-

1. श्रीमती बसन्ती देवी, सामाजिक कार्यकर्ता
2. श्री नन्दलाल भारती, जनजातिय लोक कलाकार
3. श्री कल्याण सिंह रावत, शिक्षाविद एवं समाज सेवी

**प्रस्ताव संख्या 25.04- भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (National Education Policy)-2020 के अन्तर्गत Academic Bank of Credit (ABC) के संबंध में प्रेषित पत्र के संबंध में विचार।**

प्रस्तुत प्रस्ताव पर सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (National Education Policy)-2020 के



कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

अन्तर्गत Academic Bank of Credit (ABC) के संबंध में दिनांक 09 दिसम्बर, 2022 को प्रेषित पत्र में उल्लेख किया गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (National Education Policy)-2020 में परिकल्पित Academic Bank of Credit (ABC), देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रों के पाठ्यक्रम ढांचे के लचीलेपन और अंतःविषय/बहुविषयक शैक्षणिक गतिशीलता को बढ़ावा देने के लिए "क्रेडिट ट्रांसफर" तंत्र एक राष्ट्रीय स्तर की सुविधा है।

ABC प्रत्येक छात्र को डिजिटल रूप में एक अद्वितीय/व्यक्तिगत अकादमिक क्रेडिट बैंक खाता खोलने की सुविधा प्रदान करता है। प्रत्येक खाताधारक को एक अद्वितीय ABC आईडी प्रदान की जाती है। ABC के प्रमुख कार्यों में ABC योजना के तहत उच्च शिक्षा संस्थानों का पंजीकरण और छात्रों के शैक्षणिक खातों को खोलना, बंद करना और सत्यापन करना, क्रेडिट सत्यापन, क्रेडिट संचयन, छात्रों के क्रेडिट हस्तांतरण/मोचन और हितधारकों के बीच ABC को बढ़ावा देना शामिल है। स्वयं/ऑनलाइन कार्यक्रम जैसे ऑनलाइन प्रस्तावों की लोकप्रियता और "नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क" के रूप में आगामी पहलों की दृष्टि से ABC अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। उक्त पत्र में Academic Bank of Credit (ABC) को सभी संबंधित विश्वविद्यालयों/संस्थानों/स्वायत्त कॉलेजों द्वारा अंगीकृत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

**निर्णयः-** प्रस्तुत प्रस्ताव पर प्रोफेसर आर0सी0 मिश्र, निदेशक अकादमिक द्वारा विद्या परिषद को विस्तृत जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय का Academic Bank of Credit (ABC) में पंजीकरण हो गया है। विद्या परिषद द्वारा प्रस्ताव से अवगत होते हुए सर्वसम्मति से भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (National Education Policy)-2020 के अन्तर्गत Academic Bank of Credit (ABC) के संबंध में दिनांक 09 दिसम्बर, 2022 को प्रेषित पत्र को अंगीकृत किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 25.05- विश्वविद्यलय अनुदान आयोग द्वारा Fee refund policy 2022-2023 के संबंध में प्रेषित पत्र के संबंध में।**

प्रस्तुत प्रस्ताव पर सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिनांक 02 अगस्त, 2022 को प्रेषित पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 16 जुलाई, 2021 को कोविड-19 महामारी के मद्देनजर परीक्षा और शैक्षणिक कैलेंडर पर यूजीसी के दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसमें यूजीसी ने शैक्षणिक सत्र 2021-2022 के दौरान छात्रों के प्रवेश/माइग्रेशन रद्द होने के कारण शुल्क वापसी का प्रावधान किया गया है। उक्त पत्र के माध्यम से यूजीसी द्वारा सभी उच्च शिक्षण संस्थानों से अनुरोध किया गया है कि वे कोविड-19 महामारी संबंधी कारकों के मद्देनजर शुल्क वापसी के संबंध में यूजीसी के निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करें।

**निर्णयः-** यूजीसी द्वारा प्रेषित उक्त पत्र के संबंध में विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि Fee refund policy विश्वविद्यालय में पूर्व से ही अस्तित्व में है। विद्या परिषद द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिनांक 02 अगस्त, 2022 को प्रेषित पत्र का संज्ञान लेते हुए इस पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।



कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

**प्रस्ताव संख्या 25.06- पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा के अन्तर्गत पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विषय की दिनांक 10 नवम्बर, 2022 को सम्पन्न अध्ययन बोर्ड (Board of Studies) की संस्तुतियों का अनुमोदन।**

प्रस्तुत प्रस्ताव पर सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा के अन्तर्गत स्नातकोत्तर कार्यक्रम एमएजेएमसी की पाठ्य संरचना में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा वर्तमान आवश्यकतानुसार संशोधन किये जाने एवं पीएच.डी. कार्यक्रम की पाठ्य संरचना निर्धारण किये जाने हेतु दिनांक 10 नवम्बर, 2022 को पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विषय की अध्ययन बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। अध्ययन बोर्ड की संस्तुतियाँ, पाठ्यक्रम सहित विद्या परिषद के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णयः-** विद्या परिषद द्वारा पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विषय के अध्ययन बोर्ड की संस्तुतियों पर सर्वसम्मति से यथावत अनुमोदन प्रदान करते हुए यह व्यवस्था दी गयी कि एमएजेएमसी की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-20 के अनुरूप निर्मित पाठ्य संरचना की निदेशक अकादमिक द्वारा परीक्षण करा लिया जाय, ताकि विश्वविद्यालय में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की संरचना में एकरूपता बनी रहे। निदेशक, अकादमिक द्वारा किये गये परीक्षण के अनुमोदन हेतु कुलपतिजी को अधिकृत किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 25.07- अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।**

**प्रस्ताव संख्या 25.07.01- विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (National Education Policy)-2020 लागू किये जाने हेतु गठित समिति द्वारा निर्मित Framework पर विचार-विमर्श।**

प्रस्तुत प्रस्ताव पर निदेशक, अकादमिक द्वारा विद्या परिषद को विस्तृत जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (National Education Policy)-2020 को विश्वविद्यालय में लागू किये जाने हेतु गठित समिति द्वारा एक Framework तैयार किया गया है, जो विद्या परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णयः-** विद्या परिषद द्वारा प्रस्ताव से अवगत होते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (National Education Policy)-2020 को विश्वविद्यालय में लागू किये जाने हेतु गठित समिति द्वारा तैयार किये गये Framework को यथावत् अनुमोदित करते हुए शैक्षणिक सत्र- 2023 से इसे विश्वविद्यालय में लागू किये जाने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 25.07.02- राष्ट्रीय शिक्षा नीति (National Education Policy)-2020 के अन्तर्गत संचालित पाठ्यकमों के शुल्क निर्धारण के संबंध में।**

प्रस्तुत प्रस्ताव पर विद्या परिषद द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (National Education Policy)-2020 के अन्तर्गत संचालित पाठ्यकमों के प्रवेश शुल्क आदि की संरचना तैयार किये जाने हेतु निदेशक, अकादमिक की



कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल

अध्यक्षता में Programme Fee Regulatory Committee नाम से एक समिति गठित किये जाने हेतु माननीय कुलपतिजी को अधिकृत किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 25.07.03- विश्वविद्यालय में 'युवा कल्याण एवं सामुदायिक सेवा प्रकोष्ठ' स्थापित किये जाने के संबंध में विचार।**

विश्वविद्यालय में युवा कल्याण एवं सामुदायिक सेवा प्रकोष्ठ स्थापित किये जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव पर विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से यथावत् अनुमोदन प्रदान करते हुए प्रकोष्ठ के संचालन हेतु समिति गठित किये जाने के लिए कुलपतिजी को अधिकृत किया गया।

बैठक के अन्त में माननीय कुलपतिजी द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद(नैक) की मान्यता मिल गई है, जिसमें विश्वविद्यालय को नैक की ओर से **बी++ ग्रेड** प्राप्त हुआ है तथा दिव्यांगों के सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा विश्वविद्यालय को '**पुर्नवास पेशेवरों के विकास में संलग्न सर्वश्रेष्ठ संगठन का राष्ट्रीय पुरस्कार**' दिया गया है। साथ ही **AICTE** के अन्तर्गत संचालित समस्त पाठ्यक्रमों को 05 वर्ष की मान्यता प्राप्त हो गयी है।

उक्तानुसार विश्वविद्यालय को प्राप्त उपलब्धियों के लिए विद्या परिषद द्वारा करतल ध्वनि के साथ समस्त विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए इस हेतु विश्वविद्यालय की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

कार्यसूची में सूचीबद्ध समस्त प्रस्तावों एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार-विमर्श एवं अनुमोदन के उपरान्त विद्या परिषद के सदस्य सचिव/कुलसचिव द्वारा सभी माननीय सदस्यों/आमंत्रित सदस्यों, विशेषकर बाह्य सदस्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए सभी सदस्यों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

अन्त में अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक सम्पन्न हुई।

Approved

27/12/22

**कुलसचिव/ सदस्य सचिव, विद्या परिषद**

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

**कुलपति/अध्यक्ष, विद्या परिषद**

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्व...
हल्द्वानी जिला नैनीताल (...